Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to provide irrigation facilities under Pradhan Mantri Krishi Sinchai Yojana in backward areas of Bharuch Parliamentary Constituency, Gujarat-laid.

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच):भारत सरकार द्वारा किसानों को समृद्ध करने के लिए लगातार तमाम उपक्रम किए जा रहे हैं । देश में खेती की पद्धतियों के आधुनिकीकरण के साथ ही सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में वित्तीय समावेशन को वरीयता दी जा रही है । हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी की भी यही सोच है कि जब तक भारत के किसानों को सुविधा सम्पन्न और आर्थिक रूप से मजबूत नहीं बनाया जाएगा, तब तक भारत को विकसित करने के सारे प्रयास नाकाफी होंगे । आज दुनिया के सभी प्रगतिशील देश कृषि क्षेत्र में वित्तीय समावेशन को न सिर्फ बढ़ावा दे रहे हैं बल्कि उन्हें सिंचाई सुविधाओं से भी लैस कर रहे हैं । हमारे देश में आजादी के सात दशक बाद भी कृषि का एक बड़ा हिस्सा सिंचाई से वंचित है । देश में सिंचाई की समस्या को लेकर हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी चिंता सर्वविदित है तथा उनका मानना है कि जब तक देश में हर खेत को पानी नहीं मिलेगा तब तक न तो भरपूर उत्पादन हो सकता है और नहीं किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है । प्रधानमंत्री जी की इसी चिंता को ध्यान में रखकर "प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना" की शुरूआत की गई है । उपरोक्त महत्वपूर्ण सिंचाई परिचोजना के परिप्रेक्ष्य में मेरा सरकार से आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच के अंतर्गत आने वाले पिछड़े इलाकों में सिंचाई की सुविधा हेतु तत्काल ठोस कदम उठाए जाए ।